पुलिस  लाइन बदायूं में  आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से आपसी कलह और मतभेद में आकर बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी बदायूं पुलिस।

आज दिनांक 13-09-23 को रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र तथा मौजूद समस्त काउंसलर व संबंधित पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ पूनम सिंह महिला कांस्टेबल 111 कविता, महिला कांस्टेबल 610 राखी द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 13 फाइलें लगाई गई जिनमें से 09 फाइलों की काउंसलिंग हुई जिनमें से 01 फाइल में समझौता व 01 फ़ाईल को निरस्त कर कुल 02 फाइलो का निस्तारण हुआ। शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया। जिनमें 01 पारिवारिक समस्या के मामले में दोनों पक्षों की समस्या को सुनकर उन्हें समझाकर मन की कटुता को दूर करते हुए दोनों पक्षों की आपसी सहमति से समझौता कराया गया। जिन मामलों में एक पक्ष उपस्थित हुआ है उनमें अग्रिम तिथि दी गई है तथा दूसरे पक्ष को तिथि पर आने हेतु सूचित किया गया है

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूं